0/2

UDAYA PUBLIC SCHOOL, AYODHYA
SUMMATIVE ASSESSMENT-2 (2020-21)
CLASS: 7 | SUBJECT: HINDI

Time Allowed: 3 hours **M.M.: 80**

नोट-सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।लिखावट की स्वच्छता और वर्तनी की शुद्धता का ध्यान रखिये।

खन्ड (क)

प्रश्न -1नीचे लिखे अपठित गद्य खन्ड को पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (5)

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छाशक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषम' तथा 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्म ठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था – 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

क) डॉ0 कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है?
ख) डॉ0 कलाम किस प्रवृत्ति के व्यक्ति थे?
ग) डॉ0 कलाम एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाले _______ थे?
घ) डॉ0 कलाम को क्या – क्या बेहद पसंद था?
(ड़) डॉ0 कलाम को किन-किन सम्मानों से सम्मानित किया गया?

प्रश्न -2 काव्याँश को पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। (5)

हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,
यह बिमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल
बहता आता नीचे पल-पल
तन का चंचल मन का विह्वल,
यह लघु सरिता का जल!

(क) सरिता का जल कहाँ से आ रहा है?
ख) सरिता का जल किस रंग का है?
ग) सरिता के जल की विशेषताएँ क्या हैं?
घ) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये।
ड़) सरिता की दो पर्यायवाची लिखिये।

प्रश्न -3 नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (10)

क) कंचे जब जार से निकलकर अप्पू के मन की कल्पना में समा जाते हैं तब क्या होता है?
ख) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?
ग) जाली के बड़े घर में पहुंचने पर मोर के बच्चों का किस प्रकार स्वागत हुआ?
घ) वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताओं ने आप को प्रभावित किया?
ड़) 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से संभालने की सीख दी है' धनराज पिल्ले की इस बात का क्या अर्थ है?

प्रश्न -4 अपनी पाठ्य पुस्तक से 5 लाइन की कोई कविता या कोई दोहा लिखिए। (2.5)

प्रश्न -5 नीचे लिखे दोहे का आशय/भावार्थ लिखिये। (2.5)

धरती की सी रीत है, सीत घाम और मेह।
जैसी परे सो सहि रहे, त्यों रहीम यह देह।।

प्रश्न -6 नीचे लिखे पाठों के नाम तथा उनके सही लेखको का मिलान करिये। (2.5)

पाठ का नाम	रचयिता
कंचा	अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
एक तिनका	टी. पद्मनाभन
खानपान की बदलती तस्वीर	महादेवी वर्मा
नीलकंठ	प्रयाग शुक्ल
भोर और बरखा	मीरा बाई

प्रश्न -7 शब्दार्थ लिखिये। (2.5)

क्षीण, निषेध, संकीर्ण, नवागंतुक, साफा ।

(खन्ड- ख)

प्रश्न -8 निम्नलिखित वाक्यों की क्रियाओं के काल एवं उपभेद लिखिए- (3)

क) यदि तुम नहीं सोते तो रसगुल्ला मिलता।

ख) संभवतः आज बारिश होगी।

ग) गाड़ी रुक गई है।

प्रश्न -9 क्रियाविशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

प्रश्न -10 निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक को पहचानिए और रेखांकित कीजिए। (3)

क) कक्ष के अंदर उपकरण रखे हैं।

ख) दाम के आगे नाम कौन पूछता है।

ग) सर्दी के कारण वह रात भर ठिठुरती रही।

प्रश्न -11विराम चिन्ह से आप क्या समझते हैं। लिखिए। (3)

प्रश्न -12 दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - (3)

क) नारी

ख) कमल

cग)किनारा

प्रश्न -13 उचित उपसर्ग अथवा प्रत्यय लगाकर शब्द बनाइये - (3)

क) गुण

ख) खिला

ग) मार्ग

प्रश्न -14 निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिये - (3)

क) नर+ईश

ख) स्व + अधीन

ग) परम+ आत्मा

प्रश्न -15 समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास भी लिखिए (3)

क) हिमालय

ख) आजन्म

ग) कालीमिर्च

प्रश्न -16 संयुक्त वाक्य और मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। (3)

प्रश्न -17 नीचे लिखे मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करिये। (3)

क) कमर कसना।

ख) ईद का चाँद होना।

(खन्ड -ग)

प्रश्न -18किसी एक शीर्षक पर 200 शब्दों का निबंध लिखिए। (8)

क) पेड़ -पौधे और हम

' अथवा'

ख) यदि मैं पंछी होता

प्रश्न -19 कोई एक पत्र लिखिए- (4)

क) आप अपने परिवार के साथ किसी पर्वतीय यात्रा पर गये थे। वहाँ का अनुभव कैसा रहा, इस बारे में बताते हुए अपने मित्र या सखी को पत्र लिखिए। (अनौपचारिक पत्र)

'अथवा'

ख) पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रकाशक महोदय को पत्र लिखिए। (औपचारिक पत्र)

प्रश्न -20 क्लीनिक में आये रोगी और डॉक्टर के बीच संवाद लिखिए। (4)

प्रश्न -21 राष्ट्र- गान लिखिए । (4)